भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 255**
03 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**पारंपरिक दवाओं के लिए मानक**

255. श्री देवजी पटेल:
श्री रंजीतसिन्हा हिंदुराव नाईक निम्बालकर:
श्री सुनील कुमार सिंह:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:
श्री दिलीप शइकीया:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय फार्माकोपिया (आईपी) की तुलना में एएसयू और एच फार्माकोपिया में प्रकाशित जड़ी-बूटी/पारंपरिक दवाओं के लिए अलग-अलग मानकों और विश्लेषणात्मक तरीकों को अपनाया गया है;
(ख) यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) एक जड़ी-बूटी, एक मानक को बढ़ावा देने और सुकर बनाने के लिए सुसंगत जड़ी-बूटी दवा मानकों के विकास के लिए सरकार द्वारा क्या नए कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) और (ख): जी हाँ, भारतीय आयुर्वेदिक भेषजसंहिता (एपीआई), भारतीय सिद्ध भेषजसंहिता (एसपीआई), भारतीय यूनानी भेषजसंहिता (यूपीआई), और भारतीय होम्योपैथिक भेषजसंहिता (एचपीआई) में अनुशंसित मानक तथा विश्लेषणात्मक विधियां अनिवार्य नियामक मानक हैं और इनकी पहचान डब्ल्यूएचओ/अन्य प्रमुख राष्ट्रीय (भारतीय भेषजसंहिता) और दुनिया भर में प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय भेषजसंहिता की सिफारिशों के साथ संरेखित करने के लिए की गई है। इसके अलावा, भारतीय भेषजसंहिता (आईपी) में पहचान के लिए डीएनए और हाई-परफॉर्मेंस थिन-लेयर क्रोमैटोग्राफी (एचपीटीएलसी) फिंगर प्रिंटिंग प्रोफाइल वाले फाइटोफार्मास्यूटिकल्स को बढ़ावा देने के लिए हर्बल ड्रग मोनोग्राफ और परख तकनीकों के लिए हाई-परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) है, जिसे एपीआई के नवीनतम खंड में भी शामिल किया गया है।

(ग): जी हां, आयुष मंत्रालय एक जड़ी बूटी एक मानक के प्रचार और सुविधा के लिए भारतीय आयुर्वेदिक भेषजसंहिता (एपीआई), भारतीय सिद्ध भेषजसंहिता (एसपीआई), भारतीय यूनानी भेषजसंहिता (यूपीआई), भारतीय होम्योपैथिक भेषजसंहिता (एचपीआई) और भारतीय भेषजसंहिता (आईपी) के माध्यम से प्रकाशित/प्रकाशित होने वाले सभी मोनोग्राफ में एकरूपता लाने का कार्य कर रहा है। इस संबंध में, आयुष मंत्रालय के तहत भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम एंड एच) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत भारतीय भेषजसंहिता आयोग (आईपीसी) ने "वन हर्ब- वन स्टैंडर्ड" के प्रचार और सुविधा के लिए 30 अगस्त, 2022 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

*****